# महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha

**समग्र शिक्षा, विद्या भवन, निशातगंज, लखनऊ –226007**

निपुण भारत

वेब-साइट: www.basiceducation.up.gov.in, ई-मेल: upefaspo@gmail.com दूरभाष: 0522-4024440, 2780384, 2781128


सेवा में,

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
समस्त जनपद।

पत्रांक–GE–84/पॉवर एंजिल/15426/2023–24 दिनांक 29.3 2024

**विषय–शैक्षिक सत्र 2024–25 में उच्च प्राथमिक विद्यालयों, कम्पोजिट विद्यालयों तथा के0जी0बी0वी0 में मीना मंच के पुनर्गठन तथा साप्ताहिक गतिविधियों एवं प्रमुख दिवसों के आयोजन हेतु कैलेण्डर जारी किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट 2024–25 में स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत लाइफ स्किल एजूकेशन फॉर एडोलेसेंट गर्ल्स कार्यक्रम स्वीकृत है। उक्त कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नई शिक्षा नीति 2020 के "अध्याय 6–समतामूलक और समावेशी शिक्षा" के आलोक में किशोर–किशोरियों में जीवन–कौशल विकसित करना, अपवंचित समुदाय की किशोरी बालिकाओं को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना एवं सभी किशोर–किशोरियों को सशक्त बनाना है। उक्त लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु विगत वर्षों में सभी उच्च प्राथमिक विद्यालयों, कम्पोजिट विद्यालयों तथा के0जी0बी0वी0 में गठित मीना मंच अत्यधिक प्रभावशाली मंच के रूप में उभर कर आये हैं। शैक्षिक सत्र 2024–25 में प्रदेश के समस्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों, कम्पोजिट विद्यालयों तथा के0जी0बी0वी0 में मीना मंच का पुनर्गठन करते हुये अप्रैल 2024 से मार्च 2025 तक प्रत्येक शनिवार आयोजित की जाने वाली गतिविधियों एवं प्रमुख दिवसों सम्बन्धी सप्ताहवार कार्ययोजना/कैलेण्डर संलग्न कर प्रेषित है।

अतः आपको आदेशित किया जाता है कि संलग्न कैलेण्डर समस्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों, कम्पोजिट विद्यालयों तथा के0जी0बी0वी0 में प्रेषित करते हुये कैलेण्डर के अनुसार गतिविधियों का सफलतापूर्वक आयोजन कराना सुनिश्चित करें। जिला समन्वयक बालिका शिक्षा का यह दायित्व है कि सभी उच्च प्राथमिक विद्यालयों, कम्पोजिट विद्यालयों तथा के0जी0बी0वी0 में मीना मंच कैलेण्डर को विद्यालय की दीवारों पर चस्पा करवाते हुये तत्सम्बन्धी गतिविधियों का नियमित संचालन एवं अनुश्रवण करेंगे एवं प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में गत माह की आख्या राज्य परियोजना कार्यालय को प्रेषित करेंगे।

संलग्नक–उक्तवत्।

भवदीया,

Kanchan

(कंचन वर्मा)
राज्य परियोजना निदेशक

**पृ0सं0: GE–84/पॉवर एंजिल/15426/2023–24 तद्दिनांकित।**

**प्रतिलिपि निम्नवत् को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. जिलाधिकारी, समस्त जनपद, उ0प्र0।
2. मुख्य विकास अधिकारी, समस्त जनपद, उ0प्र0।
3. शिक्षा अधिकारी, यूनीसेफ, गोमती नगर, लखनऊ।
4. खण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त जनपद के समस्त विकासखण्ड।
5. जिला समन्वयक बालिका शिक्षा, समस्त जनपद, उ0प्र0।
6. जनपद के समस्त के0जी0बी0वी0 की वार्डेन।

Kanchan

(कंचन वर्मा)
राज्य परियोजना निदेशक

O/C

## सत्र 2024-25 में मीना मंच के अंतर्गत प्रत्येक सप्ताह आयोजित की जाने वाली गतिविधियों एवं प्रमुख दिवसों का कैलेंडर

| क्र. सं. | माह | दिनांक | दिन | गतिविधि का नाम | विवरण | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अप्रैल | 6 | शनिवार | मीना सभा | मीना मंच का गठन<br>1. मीना की फिल्म दिखाकर चर्चा एवं रोल प्ले।<br>2. मीना मंच कार्यक्रम के बारें में बच्चों को अवगत कराते हुए गतिविधि के द्वारा पॉवर एंजेल का चयन व पॉवर एंजेल के कार्यों के बारें में चर्चा करना।<br>3. मीना मंच के गठन की घोषणा तथा प्रचार प्रसार।<br>4. मीना मंच का गठन तथा मंच के पदाधिकारियों को उनके कार्य एवं दायित्व के सम्बन्ध में प्रशिक्षित करना<br>5. शिक्षकों के लिए आत्मरक्षा सम्बन्धी संदेश पर आधारित फिल्म दिखा कर चर्चा | भोजनावकाश के बाद 03 घंटे |
| 2 | अप्रैल | 20 | शनिवार | मीना सभा | "जेंडर स्टीरियोटाइप" सेल्फ एस्टीम आधाफुल कॉमिक बुक 1 खजाने का नक्शा पर आधारित सत्र<br>1. सभी बच्चों के समूह बनाकर खजाने का नक्शा किताब का वाचन एवं चर्चा।<br>2. प्रार्थना सभा में प्रतिदिन किन्हीं चार बच्चों द्वारा कहानी के मुख्य संदेश "जेंडर स्टीरियोटाइप" से संबंधित अपने आस-पास के उदाहरण एवं अनुभवों के बारे में बात करना।<br>3. बच्चे अपने आसपास/घरों में होने वाले जेंडर स्टीरियोटाइप के उदाहरण की सूची बनाकर चार्ट के माध्यम से प्रस्तुत करें तथा शिक्षक/शिक्षिका चर्चा को आगे बढ़ाते हुए समाज से स्टीरियोटाइप दूर करने के लिए बच्चों द्वारा क्या कदम उठाया जाना चाहिये व घर तथा समाज में कैसा व्यवहार करना चाहिए, इस पर चर्चा की जाए।<br>4. जेंडर स्टीरियोटाइप को समाप्त करने के सुझावों के बारे में बात करना कॉमिक बुक 6 पर आधारित<br>5. "लड़कियों वाले काम" पर आधारित फिल्म दिखा कर चर्चा | भोजनावकाश के बाद 03 घंटे |
| 3 | अप्रैल | 27 | शनिवार | मीना सभा एवं जन्मोत्सव | "जेंडर स्टीरियोटाइप" सेल्फ एस्टीम आधाफुल कॉमिक बुक पर आधारित सत्र<br>1. जेंडर स्टीरियोटाइप के मुद्दे पर नाटक/ रैली/पोस्टर निर्माण/ कहानी लेखन/ वाद विवाद आदि गतिविधियों पर समूह कार्य।<br>2. प्रार्थना सभा में किन्हीं दो बच्चों द्वारा कहानी के मुख्य संदेश जेंडर स्टीरियोटाइप से संबंधी अपने आस-पास के उदाहरण व अनुभव के बारे में बात करना।<br>3. कहानी के अंत में दी गई गतिविधि पर बच्चों से अभ्यास कार्य एवं चर्चा करना तथा बच्चों द्वारा एक बाल अखबार बनाकर प्रस्तुत करना।<br>4." धन्यवाद दीदी" पर आधारित फिल्म दिखा कर चर्चा<br>5. उस माह में जन्म लेने वाले सभी बच्चो का जन्मोत्सव मानना | भोजनावकाश के बाद 03 घंटे |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | मई | 4 | शनिवार | मीना सभा | स्कूल हर दिन आएं अभियान का संचालन- प्रगति के पंख प्रशिक्षण सत्र-1 पर आधारित<br>1. विद्यालय प्रबंधन समिति (SMC) के साथ बैठक कर "हम सबका एक ही सपना स्कूल तक पहुंचे हर बच्चा अपना" मुद्दे पर बातचीत करना एवं अभिभावकों को प्रेरित कर बच्चों को स्कूल शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए एक कार्य योजना बनाना \|<br>2. आत्मरक्षा आपकी बेटी के लिए क्यों जरूरी है ? पर आधारित फिल्म दिखा कर चर्चा<br>3. मासिक बैठक का आयोजन करते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति (SMC) के सदस्यों, पावर एंजेल एवं किशोर किशोरियों का समूह बनाकर आस पास के घरों के 6 से 14 आयु वर्ग के आउट ऑफ़ स्कूल हुए बच्चों की सूची बनाना \|<br>4. सुगमकर्ता की सहायता से अभिभावकों से संपर्क कर, वे बच्चे जिन्होंने बीच में पढ़ाई छोड़ दी है या स्कूल नहीं आ रहे हैं, उनका चिन्हिकरण कर शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना \| | भोजनावकाश के बाद 03 घंटे |
| 5 | मई | 11 | शनिवार | मीना सभा | आओ परिवेश बदलें - प्रगति के पंख प्रशिक्षण सत्र-2 पर आधारित<br>1. सुगमकर्ता एवं मीना मंच के सदस्यों द्वारा समस्त किशोर-किशोरियों को समूह में विभाजित कर विद्यालय के शौचालय एवं परिसर तथा अपने घर के शौचालय एवं परिसर को स्वच्छ रखने हेतु स्वच्छता से सम्बंधित प्रश्नों पर चर्चा करना \| | भोजनावकाश के बाद 03 घंटे |
| 6 | मई | 18 | शनिवार | मीना सभा | एक कदम स्वच्छता की ओर- प्रगति के पंख प्रशिक्षण सत्र-3 पर आधारित<br>1. विद्यालय में सुगमकर्ता के सहयोग से पॉवर एंजेल को मुख्य भूमिका में रखते हुए स्वच्छता कमेटी का गठन करना तथा साथ ही पॉवर एंजेल का दायित्व सुनिश्चित करना कि वह विद्यालय में एवं समुदाय के लोगो को स्वच्छता के प्रति नुक्कड़ नाटक व रैलियां के माध्यम से जागरूक करें \|<br>2. विद्यालय प्रबंधन समिति (SMC) द्वारा बच्चों के अंदर यह समझ विकसित करना कि विद्यालय के अंदर वह अपने आसपास के परिवेश को साफ रखें एवं साफ-सफाई के प्रति अन्य लोगों को भी जागरूक करें \| | भोजनावकाश के बाद 03 घंटे |
| 7 | मई | 28 | शनिवार | माहवारी स्वच्छता दिवस, मीना सभा तथा जन्मोत्सव | एक कदम स्वच्छता की ओर- प्रगति के पंख प्रशिक्षण सत्र-3 पर आधारित<br>1. विद्यालय में सुगमकर्ता के सहयोग से पॉवर एंजेल को मुख्य भूमिका में रखते हुए स्वच्छता कमेटी का गठन करें व किशोर किशोरियों को हाथों की स्वच्छता के प्रति जागरुक करते हुए हाथ धोने के चरणबद्ध तरीकों से अवगत करायें \|<br>2. माहवारी के बारे में पहेली की सहेली फिल्म दिखाकर चर्चा,माहवारी स्वच्छता प्रबन्धन पर आधारित गतिविधि,माहवारी के सम्बन्ध में प्रचलित मिथक पर | भोजनावकाश के बाद 03 घंटे |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | चर्चा,माहवारी के दौरान ध्यान देने वाली बातें। उस माह में जन्म लेने वाले सभी बच्चो का जन्मोत्सव मानना | |
| 11 | जुलाई | 13 | शनिवार | मीना सभा | सेल्फ एस्टीम कॉमिक बुक 4 आधाफुल "और गायब हाथी" पर आधारित सत्र<br>1.किशोर-किशोरियों को सकारात्मक शारीरिक छवि के प्रति जागरूक करना एवं हानिकारक जेंडर नॉर्म्स के बारे में उनकी समझ को बढ़ाना तथा उनमें आत्म विश्वास विकसित करना \|<br>2. किशोर-किशोरियों को आधाफुल कॉमिक बुक की समस्त प्रतियां (हार्ड कॉपी या सॉफ्ट कॉपी) उपलब्ध करा दी जाए जिससे किशोर-किशोरियां चर्चा में प्रतिभाग कर सके | भोजनावकाश के बाद 03 घंटे |
| 12 | जुलाई | 24 | शनिवार | मीना सभा | 1. पॉवर एंजेल एवं मीना मंच के सदस्य शिक्षिका की सहायता से आधाफुल कॉमिक बुक 4 पर आधारित एक नाटक की प्रस्तुति ग्रामप्रधान एवं अभिभावकों के समक्ष प्रस्तुत करना \|<br>2. "निडर" पर आधारित फिल्म दिखा कर चर्चा | भोजनावकाश के बाद 03 घंटे |
| 13 | जुलाई | 27 | शनिवार | मीना सभा तथा जन्मोत्सव | सेल्फ एस्टीम आधाफुल कॉमिक बुक 2 पर आधारित सत्र<br>1. सभी बच्चों के समूह बनाकर आधाफुल और बदलीपुर के चीते कॉमिक बुक का वाचन व चर्चा करना \|<br>2. प्रार्थना सभा में प्रतिदिन किन्हीं दो बच्चों द्वारा कहानी के मुख्य संदेश -आदर्श रूप से संबंधी अपने अनुभव के बारे में बात करना \|<br>3. रंग-रूप अथवा गुणों के आधार पर व्यक्ति की पहचान करना तथा बाजार में रंग-रूप के निखार के लिए उपलब्ध उत्पादों से होने वाले नुकसान पर चर्चा करते हुए स्वयं को सर्वोपरि रखने की सलाह देना \|<br>4. पुस्तकालय के पीरियड में बच्चों द्वारा आधाफुल और बदलीपुर के चीते कामिक बुक का एकल पठन करना \|<br>5. उस माह में जन्म लेने वाले सभी बच्चो का जन्मोत्सव मानना | भोजनावकाश के बाद 03 घंटे |
| 14 | अगस्त | 3 | शनिवार | मीना सभा | सेल्फ एस्टीम आधाफुल कॉमिक बुक 2 "बदलीपुर के चीते"- 3 "फिल्मस्टार का अपहरण" पर आधारित सत्र<br>1. आदर्श रूप के मुद्दे पर नाटक/रैली/ पोस्टर निर्माण /कहानी लेखन/ वाद- विवाद आदि गतिविधियों पर समूह कार्य \|<br>2. प्रार्थना सभा में प्रतिदिन किन्हीं दो बच्चों द्वारा ऐसे व्यक्तियों के उदाहरण दिए जाएं जिन्होंने अपने गुणों के आधार पर अपना नाम रोशन किया हो; जैसे पूर्व राष्ट्रपति श्री ए पी जे अब्दुल कलाम जी, प्रसिद्ध धावक पी.टी. उषा जी आदि \|<br>3. आधाफुल कॉमिक बुक पर आधारित आदर्श रूप के मुद्दे पर नाटक / रैली/ पोस्टर निर्माण/ कहानी / लेखन वाद- विवाद आदि गतिविधियों का आयोजन कर समुदाय को जागरूक करना \|<br>4. कहानी के अंत में दी गई गतिविधि पर बच्चों से अभ्यास | भोजनावकाश के बाद 03 घंटे |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | कार्य तथा बच्चों द्वारा एक बाल अखबार बनाकर प्रस्तुत करना। | |
| 15 | अगस्त | 10 | शनिवार | मीना सभा | जलवायु परिवर्तन पर आधारित - रंग लाल खतरे का निशान-प्रगति के पंख प्रशिक्षण सत्र-7<br>1. सुगमकर्ता एवं मीना मंच के सदस्यों के द्वारा सात सकारात्मक व्यवहारों (Best Practics) (ऊर्जा की बचत, पानी की बचत, एकल उपयोग प्लास्टिक को ना कहें ,सतत खाद्य प्रणालियों को अपनाये, अपशिष्ट कम करें, स्वस्थ जीवन शैली को अपनाये, इ-वेस्ट को कम करें) को अपने जीवन शैली में अपनाने हेतु चर्चा करना। | भोजनावकाश के बाद 03 घंटे |
| 16 | अगस्त | 17 | शनिवार | मीना सभा | जलवायु परिवर्तन पर आधारित - रंग लाल खतरे का निशान-प्रगति के पंख प्रशिक्षण सत्र-7<br>1. सुगमकर्ता की मदद से पावर एंजेल और मीना मंच के सदस्य, जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावो को कम करने के लिए समुदाय में नुक्कड़ नाटक / रैली/ पंचायत की सहभागिता के माध्यम से समुदाय को जागरूक करेंगे।<br>2. समुदाय के लोगो को जलवायु संरक्षण सम्बंधित शपथपत्र के माध्यम से कचरा के उचित प्रबन्धन करने के लिए जागरूक करना। | भोजनावकाश के बाद 03 घंटे |
| 17 | अगस्त | 24 | शनिवार | मीना सभा | जलवायु परिवर्तन पर आधारित - रंग लाल खतरे का निशान-प्रगति के पंख प्रशिक्षण सत्र-7<br>1. किशोर-किशोरियों को अवगत कराना कि समुदाय व अपने विद्यालय में उन स्थानों का चिन्हीकरण करें, जहाँ पर उन्हें खतरा महसूस होता है; जैसे शौचालय टूटा होना,गटर के ढक्कन का खुला होना आदि स्थानों को लाल रंग से चिन्हित कर दे (जहां पर झंडा लगाने की जगह ना हो जैसे दीवार के ऊपरी भाग या स्विच बोर्ड जैसी जगह वहां पर केवल कपड़े या कागज की झंडी ही लगा दे) | भोजनावकाश के बाद 03 घंटे |
| 18 | अगस्त | 31 | शनिवार | मीना सभा तथा जन्मोत्सव | जलवायु परिवर्तन पर आधारित - रंग लाल खतरे का निशान-प्रगति के पंख प्रशिक्षण सत्र-7<br>1. किशोर-किशोरियां आगामी विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में उपायों को समिति के सामने रखते हुए उचित और समयबद्ध कार्रवाई की मांग करें, उपरोक्त कार्रवाई का तब तक फॉलोअप करें जब तक की उन खतरों का समुचित नियोजन ना किया जाए<br>2. उस माह में जन्म लेने वाले सभी बच्चो का जन्मोत्सव मानना | भोजनावकाश के बाद 03 घंटे |
| 19 | सितम्बर | 14 | शनिवार | मीना सभा | सेल्फ एस्टीम आधाफुल कॉमिक बुक 5 पर आधारित सत्र<br>1. सभी बच्चों के समूह बनाकर आधा फुल कॉमिक बुक 5 किताब का वचन व चर्चा<br>2-प्रार्थना सभा में प्रतिदिन किन्हीं दो बच्चों द्वारा कहानी के मुख्य संदेश -आदर्श रूप से संबंधी अपने अनुभव के बारे में बात करना | भोजनावकाश के बाद 03 घंटे |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 3- मीडिया द्वारा प्रस्तुत रंग रूप की तरफ आकर्षित होकर उनके जैसे बनने की चाहत की जाल में ना फंस कर हकीकत को परखने की समझ पर चर्चा<br>4-पुस्तकालय के पीरियड में बच्चों द्वारा आधाफुल और फिल्म स्टार का अपहरण कॉमिक बुक का एकल पठन | |
| 20 | सितम्बर | 21 | शनिवार | मीना सभा | सेल्फ एस्टीम आधाफुल कॉमिक बुक 6 पर आधारित सत्र<br>1. मीडिया में आदर्श रूप के मुद्दे पर नाटक/रैली/ पोस्टर निर्माण /कहानी लेखन/ वाद- विवाद आदि गतिविधियों पर समूह कार्य \|<br>2. मीडिया में आदर्श रूप के मुद्दे पर नाटक/रैली/ पोस्टर निर्माण /कहानी लेखन/ वाद- विवाद आदि गतिविधियों का आयोजन कर समुदाय को जागरूक करना\|<br>3. प्रार्थना सभा में प्रतिदिन किन्हीं दो बच्चों द्वारा कहानी के मुख्य संदेश -आदर्श रूप से संबंधी अपने अनुभव के बारे में बात करना \|<br>4. कहानी के अंत में दी गई गतिविधि पर बच्चों से अभ्यास कार्य तथा बच्चों द्वारा एक बाल अखबार बनाकर प्रस्तुत करना \| | भोजनावकाश के बाद 03 घंटे |
| 21 | सितम्बर | 28 | शनिवार | मीना डे तथा जन्मोत्सव | 1.बालिकाओं के शिक्षा एवं अधिकार सम्बन्धी मुद्दों पर चर्चा।<br>2. पोस्टर, नाटक एवं क्विज के माध्यम से अभिभावकों को जागरूक करना।<br>3. जीवन संघर्ष गाथा पर आधारित फिल्म दिखा कर चर्चा<br>4. उस माह में जन्म लेने वाले सभी बच्चो का जन्मोत्सव मानना | भोजनावकाश के बाद 03 घंटे |
| 22 | अक्टूबर | 5 | शनिवार | मीना सभा | मेरी थाली- प्रगति के पंख प्रशिक्षण सत्र-8 पर आधारित<br>1. मीना मंच के सदस्य सुगमकर्ता की सहायता से स्लोगन लिखे हुए प्ले कार्डो के द्वारा समुदाय के सभी हितगमियों जैसे; बच्चे ,शिक्षक, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, ग्राम प्रधान, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा एवं ग्राम बाल संरक्षण आदि के साथ मिलकर रैली निकालेंगे इन रैली के माध्यम से सभी को संतुलित आहार के प्रति जागरूक किया जायेगा \|<br>2. किशोर-किशोरियों को संतुलित आहार के अर्थ एवं महत्व के प्रति जागरूक करना तथा संतुलित आहार लेने हेतु प्रेरित करना\| | भोजनावकाश के बाद 03 घंटे |
| 23 | अक्टूबर | 11 | शनिवार | अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस | 1. बालिका अधिकारों पर गतिविधि के माध्यम से चर्चा।बालिका शिक्षा के स्थानीय मुद्दों को चिन्हित करना तथा उनके समाधान की योजना बनाना।<br>2. सुरक्षा एवं संरक्षा के मुद्दों पर चर्चा।<br>3. " सशक्त" पर आधारित फिल्म दिखा कर चर्चा<br>4. सफलता की कहानी पर आधारित फिल्म दिखा कर चर्चा<br>5. बालिका शिक्षा सुनिश्चित करने के लिये समुदाय द्वारा शपथ ग्रहण करना। | भोजनावकाश के बाद 03 घंटे |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | अक्टूबर | 19 | शनिवार | मीना सभा | 1. तन दुरुस्त मन दुरुस्त- प्रगति के पंख प्रशिक्षण सत्र-9 पर आधारित<br>2. आत्मरक्षा और पोषण फिल्म दिखा कर चर्चा<br>3. स्वस्थ्य एवं पोषण में भ्रांतियां फिल्म दिखा कर चर्चा<br>4. किशोर-किशोरियों को एनीमिया एवं उनके कारणों तथा प्रभाव के बारे में बताते हुए एनीमिया की रोकथाम हेतु जागरूक करना<br>5. पावर एंजेल एवं मीना मंच के सदस्य समुदाय में संतुलित आहार लेने के लिए लोगों को प्रेरित करेंगे साथ ही पोषण प्रतियोगिता का आयोजन करना | भोजनावकाश के बाद 03 घंटे |
| 25 | अक्टूबर | 26 | शनिवार | मीना सभा तथा जन्मोत्सव | 1. हमारा परिवार एवं लिंग भेदभाव - अरमान प्रशिक्षण सत्र-6 पर आधारित सत्र का संचालन करना<br>2.. प्रार्थना सभा में प्रतिदिन किन्हीं दो बच्चों द्वारा कहानी के मुख्य संदेश -आदर्श रूप से संबंधी अपने अनुभव के बारे में बात करना<br>3. पुस्तकालय के पीरियड मेंबच्चों द्वारा गायब हाथी कामिक बुक का एकल पठन<br>4.उस माह में जन्म लेने वाले सभी बच्चो का जन्मोत्सव मानना | भोजनावकाश के बाद 03 घंटे |
| 26 | नवम्बर | 9 | शनिवार | मीना सभा | 1. किशोर-किशोरिओं के प्रति हिंसा एवं काम उम्र में विवाह - अरमान प्रशिक्षण सत्र-13 पर आधारित सत्र का संचालन करना<br>2.सेल्फ डिफेन्स की समझ पर आधारित फिल्म दिखा कर चर्चा<br>3. रंग रूप अथवा शारीरिक बनावट के आधार पर दूसरों को संबोधित करना अथवा दूसरों की तरह बनने की चाहत के मुद्दे पर नाटक/रैली/ पोस्ट निर्माण /कहानी लेखन/ वाद- विवाद आदि गतिविधियों पर समूह कार्य करना \|<br>4. प्रार्थना सभा में प्रतिदिन 04 बच्चों द्वारा कहानी के मुख्य संदेश -आदर्श रूप से संबंधी अपने अनुभव के बारे में बात करना \|<br>5. कहानी के अंत में दी गई गतिविधि पर बच्चों से अभ्यास कार्य तथा बच्चों द्वारा एक बाल अखबार बनाकर प्रस्तुत करना \| | भोजनावकाश के बाद 03 घंटे |
| 27 | नवम्बर | 16 | शनिवार | मीना सभा | 1. किशोर-किशोरिओं के प्रति हिंसा एवं काम उम्र में विवाह - अरमान प्रशिक्षण सत्र-13 पर आधारित का संचालन करना<br>2. पुस्तकालय के पीरियड में बच्चों द्वारा खतरा मे कामिक बुक का एकल व पीयर में पठन3.आत्मरक्षा का उपाय- पेपर स्प्रे पर आधारित फिल्म दिखा कर चर्चा | भोजनावकाश के बाद 03 घंटे |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 28 | नवम्बर | 23 | शनिवार | मीना सभा | 1 .हमारे कानूनी अधिकार - अरमान प्रशिक्षण सत्र-15 पर आधारित सत्र का संचालन करना<br>2. द सीक्रेट डॉल फिल्म दिखा कर चर्चा<br>3. आधाफुल कॉमिक बुक की विषय वस्तु के आधार पर रंग-रूप की तुलना के मुद्दे पर नाटक/रैली/ पोस्ट निर्माण /कहानी लेखन/ वाद- विवाद आदि गतिविधियों आयोजन कर समुदाय को जागरूक करना<br>4. प्रार्थना सभा में प्रतिदिन दो बच्चों द्वारा अपने आस-पास के उदाहरण व अनुभव की बारे में बात करना<br>5. सत्र/ कहानी के अंत में दी गई गतिविधि पर बच्चों से अभ्यास कार्य तथा बच्चों द्वारा एक बाल अखबार बनाकर प्रस्तुत करना | भोजनावकाश के बाद 03 घंटे |
| 29 | नवम्बर | 30 | शनिवार | मीना सभा तथा जन्मोत्सव | 1. आओ सीखें कुछ नया - प्रगति के पंख प्रशिक्षण सत्र-10 पर आधारित<br>2. निडर बालिकाएं पर आधारित फिल्म दिखा कर चर्चा<br>3. पावर एंजेल एवं मीना मंच के सदस्य समुदाय में निजी स्वच्छता एवं उनके महत्व के लिए लोगों को प्रेरित करेंगे \|<br>4. F.I.R कैसे दर्ज कराएं फिल्म दिखा कर चर्चा<br>5. उस माह में जन्म लेने वाले सभी बच्चो का जन्मोत्सव मानना | भोजनावकाश के बाद 03 घंटे |
| 30 | दिसम्बर | 7 | शनिवार | मीना सभा | 1. अरमान प्रशिक्षण सत्र-5 पर आधारित सत्र का संचालन करना<br>2. समुदाय में सुगमकर्ता के सहयोग से पॉवर एंजेल को मुख्य भूमिका में रखते हुए स्वच्छता कमेटी का गठन कर समुदाय के लोगो को निज़ी स्वच्छता के प्रति जागरूक करें साथ ही साथ नुक्कड़ नाटक व रैली के माध्यम से जागरूक करना \| | भोजनावकाश के बाद 03 घंटे |
| 31 | दिसम्बर | 14 | शनिवार | मीना सभा | 1. 10 ..9 ..8.. हर बच्चे को रहे याद - हेल्प लाइन नंबर्स - प्रगति के पंख प्रशिक्षण सत्र-11 पर आधारित<br>2. क्या बेटियां घर में भी सुरक्षित हैं ? पर आधारित फिल्म दिखा कर चर्चा<br>3. सेफ्टी टूल किट पर आधारित फिल्म दिखा कर चर्चा<br>4. खेल के माध्यम से समुदाय के लोगों को सुरक्षित एवं असुरक्षित स्पर्श के बारे में जागरूक करना \|<br>5. सुरक्षा संरक्षा तथा पोक्सो एक्ट पर चर्चा | भोजनावकाश के बाद 03 घंटे |
| 32 | दिसम्बर | 21 | शनिवार | मीना सभा | 1. अरमान अभिभावकों के लिए विशेष सत्र-1 पर आधारित सत्र का संचालन करना<br>2. समुदाय स्तर पर पावर एंजेल एवं मीना मंच के सदस्य प्रतिदिन सुबह या शाम को समुदाय के लोगों के लिए प्राणायाम करने के लिए जागरूक करना | भोजनावकाश के बाद 03 घंटे |
| 33 | दिसम्बर | 28 | शनिवार | मीना सभा तथा जन्मोत्सव | 1.स्वस्थ जीवन की कुंजी - प्रगति के पंख प्रशिक्षण सत्र-12 पर आधारित | भोजनावकाश के बाद 03 घंटे |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 2. सुगमकर्ता, सत्र की शुरुआत में, WHO-5 द्वारा बनाए गए वेलबीइंग इंडेक्स को कक्षा में बच्चों के साथ भरें।उस माह में जन्म लेने वाले सभी बच्चो का जन्मोत्सव मानना<br>3. सुगमकर्ता, किशोर-किशोरियों से साथ व्यायाम, सही पोषण, नींद और खेल-कूद के महत्व पर चर्चा करें।<br>4. सत्र में शामिल बच्चों के साथ 5-6 गतिविधियों को अपनी दिनचर्या में शामिल करने हेतु चर्चा करें और दिए गए टोल-फ्री नंबर 1-800-91-4416 के बारे मे भी बताएँ । | |
| 34 | जनवरी | 4 | शनिवार | मीना सभा | समुदाय स्तर पर पावर एंजेल एवं मीना मंच के सदस्य प्रतिदिन सुबह या शाम को समुदाय के लोगों के लिए प्राणायाम करने के लिए प्रेरित करेंगे जिससे की लोगो का मानसिक स्वास्थ्य बेहतर हो सकेगा \| | भोजनावकाश के बाद 03 घंटे |
| 35 | जनवरी | 11 | शनिवार | मीना सभा | लक्ष्य निर्धारण, समस्या समाधान व दृण निश्चय कौशल का विकास -अरमान सत्र 8 पर आधारित सत्र का संचालन करना | भोजनावकाश के बाद 03 घंटे |
| 36 | जनवरी | 18 | शनिवार | मीना सभा | 1. नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसान - अरमान प्रशिक्षण सत्र-16 पर आधारित सत्र का संचालन करना<br>2. सोशल मीडिया पॉवर पर आधारित फिल्म दिखा कर चर्चा | भोजनावकाश के बाद 03 घंटे |
| 37 | जनवरी | 25 | शनिवार | मीना सभा तथा जन्मोत्सव | 1. सेल्फ एस्टीम कॉमिक्स को पढ़कर सुनाना व वाचन एवं चर्चा तथा रोल प्ले<br>2. उस माह में जन्म लेने वाले सभी बच्चो का जन्मोत्सव मानना | भोजनावकाश के बाद 03 घंटे |
| 38 | फरवरी | 1 | शनिवार | मीना सभा | 1. समय प्रबंधन अरमान सत्र - 9 पर आधारित सत्र का संचालन करना<br>2. " नैना की जंग " पर आधारित फिल्म दिखा कर चर्चा | भोजनावकाश के बाद 03 घंटे |
| 39 | फरवरी | 8 | शनिवार | मीना सभा | 1. सामुदायिक संसाधन/हमारे सहयोगी अरमान सत्र 19 पर आधारित सत्र का संचालन करना2. आत्मरक्षा का सबक पर आधारित फिल्म दिखा कर चर्चा | भोजनावकाश के बाद 03 घंटे |
| 40 | फरवरी | 15 | शनिवार | मीना सभा | पुनरावृत्ति<br>1. खेल के माध्यम से किशोर किशोरियों को स्वच्छता प्रबंधन के बारे में जागरूक करना एवं किशोरियों के समूह में महिला सुगमकर्ता द्वारा उन्हें माहवारी के दौरान हुए अपने अनुभव साझा करने के लिए प्रेरित करना<br>2. गतिविधि के माध्यम से किशोर -किशोरियों को माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर बात करने के लिए सहज महसूस कराना<br>3. विषय की संवेदनशीलता को देखते हुए सत्र संचालन के दौरान आशा या महिला डॉक्टर, सुगमकर्ता एवं शिक्षक आदि को सम्मिलित करके सत्र का संचालन करना<br>4. सुगमकर्ता यह सुनिश्चित करें कि सत्र के समस्त बिंदुओं परिचर्चा हुई हो तथा किशोर-किशोरियों की सत्र के दौरान सक्रिय भागीदारी हो | भोजनावकाश के बाद 03 घंटे |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 41 | फरवरी | 22 | शनिवार | मीना सभा तथा जन्मोत्सव | पुनरावृत्ति<br>1. सभी बच्चों के समूह बनाकर "आधाफुल और बोलती चट्टान" कॉमिक बुक का वचन एवं चर्चा करना \|<br>2. प्रार्थना सभा में प्रतिदिन किन्हीं 04 बच्चों द्वारा कहानी के मुख्य संदेश से जुड़े अपने अनुभव के बारे में बात करना \|<br>3. पुस्तकालय के पीरियड में बच्चों द्वारा "आधाफुल और बोलती चट्टान" कॉमिक बुक का एकल व पीयर में पठन करना \|उस माह में जन्म लेने वाले सभी बच्चो का जन्मोत्सव मानना | भोजनावकाश के बाद 03 घंटे |
| 42 | मार्च | 1 | शनिवार | मीना सभा | पुनरावृत्ति<br>1. सभी बच्चों के समूह बनाकर "आधाफुल और बोलती चट्टान" कॉमिक बुक का वचन एवं चर्चा करना<br>2. प्रार्थना सभा में प्रतिदिन किन्हीं 04 बच्चों द्वारा कहानी के मुख्य संदेश से जुड़े अपने अनुभव के बारे में बात करना | भोजनावकाश के बाद 03 घंटे |
| 43 | मार्च | 8 | शनिवार | अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस | 1. महिला एवं बालिका अधिकारों पर गतिविधि के माध्यम से चर्चा।<br>2. बालिका शिक्षा के स्थानीय मुद्दों को चिन्हित करना तथा उनके समाधान की योजना बनाना।<br>3. "बेटियों की सुरक्षा है जरूरी" पर आधारित फिल्म दिखा कर चर्चा<br>4. सुरक्षा एवं संरक्षा के मुद्दों पर चर्चा<br>5. बालिका शिक्षा सुनिश्चित करने के लिये समुदाय द्वारा शपथ ग्रहण करना। | भोजनावकाश के बाद 03 घंटे |
| 44 | मार्च | 15 | शनिवार | मीना सभा | पुनरावृत्ति<br>पुस्तकालय के पीरियड में बच्चों द्वारा "आधाफुल और बोलती चट्टान" कॉमिक बुक का एकल व पीयर में पठन करना | भोजनावकाश के बाद 03 घंटे |
| 45 | मार्च | 22 | शनिवार | मीना सभा | मेरे बच्चे मेरे सपने तथा अभिभावकों के बढ़ते कदम - अरमान अभिभावकों के लिए विशेष सत्र-1 एवं 9 पर आधारित सत्र का संचालन करनाबालिकाओं की शिक्षा एवं समानता के मुद्दे पर अभिभवावको के साथ चर्चा अभिभावकों के लिए संदेश पर आधारित फिल्म दिखा कर चर्चा | भोजनावकाश के बाद 03 घंटे |
| 46 | मार्च | 29 | शनिवार | मीना सभा तथा जन्मोत्सव | पुनरावृत्ति,<br>1. आत्मरक्षा आपकी बेटी के लिए क्यों जरूरी है ? पर आधारित फिल्म दिखा कर चर्चा<br>2.उस माह में जन्म लेने वाले सभी बच्चो का जन्मोत्सव मानना , पॉवर एंजिल को सम्मानित करना | भोजनावकाश के बाद 03 घंटे |